Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 24 अप्रैल, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-24-april-2020

खोंगजोम दिवस

प्रत्येक वर्ष 23 अप्रैल को मणिपुर में 'खोंगजोम दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस का आयोजन वर्ष 1891 के एंग्लो-मणिपुर युद्ध (Anglo-Manipur War) में लड़ने वाले योद्धाओं को श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से किया जाता है। ध्यातव्य है कि एंग्लो-मणिपुर युद्ध, ब्रिटिश साम्राज्य तथा मणिपुर साम्राज्य के मध्य एक सशस्त्र संघर्ष था, जो कि 31 मार्च से 27 अप्रैल 1891 तक लड़ा गया था। एंग्लो-मणिपुर युद्ध में ब्रिटिश साम्राज्य की जीत हुई थी। इस ऐतिहासिक युद्ध की शुरुआत मणिपुर के राजकुमारों के मध्य ईर्ष्या, असंतोष, अविश्वास और कलह के कारण हुई थी। मणिपुर के तत्कालीन महाराजा चंद्रकीर्ति सिंह की मृत्यु के पश्चात् उनके सबसे बड़े पुत्र सुरचंद्र ने वर्ष 1886 में सिंहासन ग्रहण किया। सुरचंद्र के सत्ता में आने के पश्चात् राजकुमारों के मध्य कलह शुरू हो गई। शाही परिवार के आंतरिक असंतोष का लाभ उठाते हुए, ब्रिटिश सरकार ने मणिपुर के प्रशासन में खुले तौर पर हस्तक्षेप करना शुरू कर दिया। असल में, ब्रिटिश सरकार शुरू से ही मणिपुर को अपने नियंत्रण में रखना चाहती थी, किंतु अब तक यह संभव न हो पाया था। यह युद्ध मणिपुर के खोंगजोम की खेबा पहाड़ियों पर लड़ा गया था और इसलिये इस दिवस का नाम खोंगजोम दिवस है। 27 अप्रैल 1891 को युद्ध समाप्त होने के पश्चात् मणिपुर पर अंग्रेज़ों का प्रत्यक्ष नियंत्रण हो गया। इस युद्ध के बार ब्रिटिश सरकार ने कई लोगों के विरुद्ध मुकदमा चलाया और उन्हें मृत्यु दंड दिया।

पी.वी. सिंधु

विश्व चैंपियन पी.वी. सिंधु (P.V. Sindhu) को विश्व बैडमिंटन महासंघ (Badminton World Federation- BWF) के 'आई एम बैडमिंटन' (I am Badminton) अभियान का एंबेसडर नामित किया गया। इस अभियान में खिलाड़ियों को बैडमिंटन खेल के प्रति अपना लगाव और सम्मान व्यक्त करने का मंच दिया जाता है जहाँ वे ईमानदारी से और साफ सुथरा खेल खेलने की बात करते हैं। पी.वी. सिंधु प्रसिद्ध भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं, जिनका जन्म 5 जुलाई 1995 को हैदराबाद (भारत) में हुआ था। उल्लेखनीय है कि पी.वी. सिंधु ओलंपिक में रजत पदक और BWF विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला हैं। वर्ष 2014 में अपने पहले राष्ट्रमंडल खेलों (Commonwealth Games- CWG) में महिला एकल में कांस्य जीता था। विश्व बैडमिंटन महासंघ (Badminton World Federation- BWF) बैडमिंटन खेल का एक अंतर्राष्ट्रीय शासकीय निकाय है, जिसकी स्थापना वर्ष 1934 में हुई थी।

'आप्तमित्र' हेल्पलाइन

कर्नाटक के मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा ने COVID-19 महामारी का मुकाबला करने के लिये 'आप्तमित्र' (Apthamitra) हेल्पलाइन और मोबाइल एप्लीकेशन लॉन्च की है। इस हेल्पलाइन और एप्लीकेशन का उद्देश्य ज़रूरतमंद लोगों को आवश्यक परामर्श और मार्गदर्शन प्रदान करना है। 'आप्तमित्र' हेल्पलाइन सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक चालू रहेगी। इसके लिये बंगलुरु में

चार केंद्र और मैसूर तथा मैंगलोर (बंटवाल) में 6 हेल्पलाइन केंद्र स्थापित किये जा रहे हैं। जब किसी व्यक्ति में COVID-19 के लक्षण होते हैं, तो वह 'आप्तमित्र' के हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सकता है, जिसके पश्चात् उन्हें लक्षणों के आधार पर चिकित्सा विशेषज्ञों की एक टीम द्वारा सलाह दी जाएगी। कर्नाटक सरकार द्वारा शुरू की गई इस सेवा में दो स्तरीय प्रणाली है और जहाँ प्रथम स्तर पर आयुष, नर्सिंग या फार्मा अंतिम वर्ष के छात्र सेवा देंगे वहीं दूसरे स्तर पर MBBS अथवा इंटिग्रेटेड मेडिसीन अथवा आयुष स्वयंसेवक डॉक्टर परामर्श एवं सलाह के लिये उपलब्ध रहेंगे। यह हॉटस्पॉट क्षेत्रों में ऐसे लोगों की पहचान करने में भी लाभदायक साबित होगा जिनमें इन्फ्लूएंज़ा जैसे लक्षण, COVID-19 के लक्षण या गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण है।

झारखंड में तंबाकू उत्पादों की बिक्री और प्रयोग पर रोक

देश भर में कोरोनावायरस (COVID-19) के प्रकोप के बीच झारखंड राज्य ने पहल करते हुए सिगरेट, बीड़ी, पान-मसाला, हुक्का, खैनी, जर्दा, गुटका और ई-सिगरेट जैसे सभी तंबाकू उत्पादों के उपयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। झारखंड सरकार के अनुसार, लोग इन चीजों का प्रयोग करते हैं और जगह-जगह थूकते हैं, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा और अधिक बढ़ जाता है, जिसके कारण इन उत्पादों पर पूरी तरह से रोक लगाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार, राज्य के सभी ज़िलों के उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों को इस आदेश का पालन करवाने और उल्लंघन होने पर कार्रवाई करने का दिशा-निर्देश दिया गया है। साथ ही सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी परिसरों में इस संदर्भ में सूचना बोर्ड लगवाने के भी निर्देश दिये गए हैं।